आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय व सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

मैराथन

प्रदेश पुलिस ने आज शिमला में 12वीं हॉफ मैराथन का आयोजन किया। बारिश के बावजूद भी शिमला के लोगों ने बड़ी संख्या में नशे के खिलाफ दौड़ लगाई। चार वर्गों में दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें हाफ मैराथन दौड़ साढ़े 21 किलोमीटर, मिनी मैराथन 10 किलोमीटर, 3 किलोमीटर की ड्रीम रन और दिव्यांगों के लिए भी दौड़ का आयोजन किया गया। विजेताओं को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सम्मानित करेंगे। बीते वर्ष भी हिमाचल प्रदेश पुलिस ने नशे के खिलाफ शिमला में हाफ मैराथन का आयोजन किया था। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रिज मैदान से हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

इस दौरान राज्यपाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन और नशे के खिलाफ शपथ भी दिलाई।

मंत्रिमंडल निर्णय

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल शिमला में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने लेवल–11 वेतनमान के पदों को ग्रुप–बी से ग्रुप–सी में पुनर्वर्गीकृत करने को स्वीकृत प्रदान की। इस निर्णय के तहत अब केवल बोनाफाइड हिमाचली ही ग्रुप–सी पदों के लिए आवेदन के लिए पात्र होंगे। कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग के लगभग पांच हजार मल्टी टास्क वर्कर्स को मासिक मानदेय को 5 हजार 500 रुपये करने को मंजूरी दी। कैबिनेट बैठक में प्रदेश पर्यटन विकास निगम के मुख्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने को भी मंजूरी दी। बैठक में ज़िला पुलिस, देहरा की पुलिस लाइनों में विभिन्न श्रेणियों के 101 पदों के सृजन तथा उन्हें भरने की स्वीकृति दी। कैबिनेट ने प्रदेश की 3 हजार 645 पंचायतों में पंचायत आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित करने को भी मंजूरी प्रदान की।

एच.ए.एस.

राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा हिमाचल प्रशासनिक सेवा की प्रारम्भिक परीक्षा आज प्रदेशभर में स्थापित अनेक परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। ये परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक और दोपहर बाद अढ़ाई से साढ़े चार बजे तक दो सत्रों में होगी। आयोग की सचिव निवेदिता नेगी ने सभी अभ्यार्थियों से परीक्षा से करीब एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र में पहुंचने को कहा है।

बोर्ड चेयरमेन

प्रदेश सरकार ने कांग्रेस नेता डॉ. राजेश शर्मा को राज्य स्कूल शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है। शिक्षा सचिव की ओर से इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है। कांगड़ा निवासी डॉ. राजेश कई सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हैं।

आगजनी

जनजातीय जिला किन्नौर के कल्पा गांव में कल रात दो मंजिल रिहायशी मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस घटना में किसी भी जानी नुकसान का समाचार नहीं है। दमकल विभाग ने सूचना मिलते ही घटनास्थल का दौरा कर आग पर काबू पा लिया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज भी मानसून की झमाझम बारिश हो रही है। इस वर्षा से राज्य के सभी प्रमुख नदी–नालों का जलस्तर बढ़ गया है। प्रदेश में भारी बारिश, बादल फटने और बाढ़ आने की घटनाओं में अब तक 17 लोगों की मृत्यु हुई है और 3 सौ करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा भू–स्खलन के कारण अभी भी 37 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। चंबा जिला में कल रात भारी बारिश हुई। कुल्लू तथा किन्नौर जिला में बादल छाए हुए हैं।

मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले दो दिन तक भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सोलन, कांगड़ा, मंडी व सिरमौर जिलों के कुछ क्षेत्रों में बाढ़ की भी आशंका जताई गई है। एक से चार जुलाई तक बारिश का येलो अलर्ट रहेगा।